Ph.No. 0151 - 2543419 (O)
2549348 (Fax)

# RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, BIKANER

**Dr. B.R. Chhipa**
**Vice-Chancellor**

प्रथम अपील संख्या 113/2018

अमृतभाई टी पटेल,
24, अरबुदा नगर सोसायटी,
थारड रोड, धानेरा,
तालुका–धानेरा जिला बनासकंठा (गुजरात) — अपीलार्थी

बनाम

कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी,
राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,
बीकानेर — प्रत्यर्थी

अपील प्रस्तुत करने की दिनांक 30.01.2018
अपील में निर्णय की दिनांक 07.02.2018

## *निर्णय*

अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र दिनांक 30.11.2017 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 08.12.2017) से वांछित सूचना के क्रम में कोई संतोषजनक प्रत्युत्तर प्रेषित नहीं करने के आधार पर सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत यह अपील प्रस्तुत की गयी है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार से है कि अपीलार्थी/आवेदक ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन पत्र दिनांक 30.11.2017 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 08.12.2017) प्रस्तुत कर सूचना चाही गयी। आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 05 से वांछित सूचना अन्य निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित होने के कारण कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक 416–419 दिनांक 16.12.2017 के द्वारा संबंधित विश्वविद्यालयों को आवेदक को सूचना प्रदान करने हेतु लिखते हुए प्रति आवेदक को पृष्ठांकित कर प्रेषित की गई। तदुपरांत कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक एफ(914)RAJUVAS/Reg/RTI/2018/03 दिनांक 04.01.2018 के द्वारा आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 01 से 04 की सूचना/प्रत्युत्तर आवेदक को प्रेषित की गई। पत्रांक 416–419 दिनांक 16.12.2017 से संबंधित विश्वविद्यालयों को बिन्दु संख्या 05 की सूचना आवेदक को उपलब्ध करवाने हेतु लिखे गये पत्र जिसकी प्रति अपीलार्थी/आवेदक को पृष्ठांकित की गई का विवरण निम्नानुसार है :–

Contd.

अ· 113/2018

Registrar, OPJS University,
V.P.O. Rawatsar Kunjla, Near Shankhu fort,
JhunJhunu Road, Rajgarh (Sadul pur)
Churu - 331303 (Raj.)

Registrar,
Jodhpur National University,
Jhanwar Road, Boranada,
Jodhpur (Raj.)

Registrar,
Madhav University,
Madhav Hill's, Post Bharja,
Opp. Banas River Bridge Toll,
NH. 14, Abu Road Sirohi- 307026 (Raj.)

विषयः–सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध करवाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत श्री अमृतभाई टी पटेल, गुजरात द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 30.11.2017 को प्रस्तुत आवेदन पत्र की छाया प्रति संलग्न कर लेख है कि बिन्दु सं. 05 से वांछित सूचना आपसे संबंधित है अतः उक्त बिन्दु की सूचना आवेदक को सीधे भिजवाते हुए कृपया सूचना इस कार्यालय को भी भिजवाने की व्यवस्था करावें।

आवेदक द्वारा आवेदन शुल्क रू. 10/– इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

कुलसचिव
एवं लोक सूचना अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1- Sh. Amaratbhai t patel, 24, Arbuda nagar society, tharad road, dhanera, Taluka-Dhanera Dist-Banaskantha, Pincode-385310 (Gujarat) Mob:09724848800 को भेजकर लेख है कि बिन्दु संख्या 05 इस विश्वविद्यालय से संबंधित नहीं है।

कुलसचिव
एवं लोक सूचना अधिकारी

अपीलार्थी/आवेदक द्वारा चाही गयी सूचना व कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्रांक 03 दिनांक 04.01.2018 के द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को प्रेषित सूचना का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. सं. | वांछित सूचना | प्रत्युत्तर/सूचना |
|---|---|---|
| 1. | Name the different type of para-veterinary courses (certificate/diploma) permitted by the RAJUVAS and their eligibility criteria to get admission. Please provide information. | Name of para- veterinary courses (certificate/ Diploma) permitted by RAJUVAS-**Animal Husbandry Diploma Programme.**<br><br>Eligibility Criteria-<br><br>Admissions shall be done on merit drawn on the basis of marks of Senior Secondary (10+2) or equivalent passed with the following optional subjects from the Rajsthan Board of Secondary Education or CBSE or equivalent from any recognized board with the following optional subjects:<br><br>a. Physics, chemistry and biology |

Contd.

अ-113/2018

| | | |
|---|---|---|
| | | Or<br>b Agriculture stream subjects (With Biology/Agri Biology/Agri Zoology & Agri. Botony/Zoology & Botony as one of the optional subjects). |
| 2. | Intake capacity in different para-veterinary courses (certificate/diploma) and acedemic duration of such courses offered by the RAJUVAS. Please provide information. | वांछित सूचना के क्रम में लेख है कि There are 50 seats in each institute. At present 72 institutions (both constituent and affilated) are available for admission. |
| 3. | What is the mode of action that will be taken RAJUVAS upon knowing the fact that some universities/organizatioin run the "Livestock Inspector Certificate Course" or "Diploma Veterinary" after S.S.L.C. (i.e. after 10th standard) without due recognition or approval. Please give information. | वांछित सूचना के क्रम में लेख है कि अन्य विश्वविद्यालय/संस्थाओं के संबंध में कार्यवाही किया जाना राजुवास के अधिकार क्षेत्र से बाहर होने से सूचना उपलब्ध करवाना संभव नही है। |
| 4. | Please List the names of universities/ organizatioin/institutes who have obtained permission from RAJUVAS to run para veterinary courses after S.S.L.C. (i.e. after 10th standard). | वांछित सूचना के क्रम में लेख है कि चाही गई सूचना अभिलेखों में संधारित नहीं होने के कारण उपलब्ध करवायी जानी संभव नहीं है। |

अपीलार्थी द्वारा कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजुवास, बीकानेर के पत्रांक 416—419 दिनांक 16.12.2017 जिसके द्वारा बिन्दु संख्या 05 की सूचना अन्य निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित होने के कारण उन्हें सूचना आवेदक को उपलब्ध करवाने हेतु लिखा गया के दृष्टिगत अपीलार्थी/आवेदक ने वांछित सूचना के क्रम में संतोषजनक प्रत्युत्तर प्रेषित नहीं किया गया होने के आधार पर अपील प्रस्तुत की गई है। विश्वविद्यालय के पत्रांक एफ(अ.113)VCS/RAJUVAS/RTI/2018/44 दिनांक 05.02.2018 के द्वारा अपीलार्थी के मेल आईडी पर अपीलार्थी को सुनवाई हेतु दिनांक 07.02.2018 नियत की गई होना अवगत करवाया गया। लेकिन अपीलार्थी अनुपस्थित रहे। कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी की ओर से पक्ष प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 01 से 04 की सूचना/प्रत्युत्तर अपीलार्थी/आवेदक को पत्रांक 03 दिनांक 04.01.2018 के द्वारा उपलब्ध करवाई जा चुकी है व बिन्दु संख्या 05 की सूचना राजुवास से संबंधित न होकर अन्य निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित होने के कारण उन्हें पत्रांक 416—418 के द्वारा आवेदक को संबंधित बिन्दु की सूचना उपलब्ध करवाने हेतु लिखते हुए प्रति आवेदक को पृष्ठांकित की गई व साथ ही अपीलार्थी के ई—मेल दिनांक 07.02.2018 की ओर ध्यान आकर्षित कर अवगत करवाया गया कि अपीलार्थी ने ई—मेल से राजुवास के प्रत्युत्तर से संतुष्ट होने का कथन किया है।

उक्त वर्णित तथ्यों, तर्कों, संबंधित अभिलेख व नियमों के परिप्रेक्ष्य में अद्योहस्ताक्षरकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा विश्वविद्यालय में संधारित अभिलेख में उपलब्ध नियमान्तर्गत देय सूचना अपीलार्थी/आवेदक को प्रदान की जा चुकी है। लोक सूचना अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही विधि सम्मत है। अपीलार्थी द्वारा प्रेषित ई—मेल से भी राजुवास के प्रत्युत्तर से संतुष्ट होने का कथन किया है। अतः उक्त तथ्यों व आधारो पर अपील अपीलार्थी खारिज योग्य होने से खारिज की जाती है। निर्णय खुले चैम्बर में सुनाया गया। निर्णय प्रति उभय पक्षों को सूचनार्थ प्रेषित की जावे।

(बी.आर. छीपा)
कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी,
राजुवास, बीकानेर

P/C Attested

Registrar
Rajasthan University of Veterinary
And Animal Sciences, Bikaner